# नर्मदा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हासिल की अकादमिक उपलब्धियां



**जागरण नर्मदापुरम।** बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा सत्र 2024-2025 की स्नातकोत्तर की विश्व विद्यालयीन प्रावीण्य सूची जारी की है। प्रावीण्य सूची में शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों की परीक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। महाविद्यालय की राजनीति विषय की ईशुभ मालवीय ने 1258/1700 (74 प्रति.) अंक प्राप्त कर स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की विश्वविद्यालय की मेरिट लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं अर्थशास्त्र, स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सौम्या गर्ग ने 1270/1700 (75.24 प्रति.) अंक प्राप्त करते हुए विश्वविद्यालय की अर्थशास्त्र नियमित छात्रों की मेरिट-लिस्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी श्रृंखला में महाविद्यालय के स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर, नियमित, भूगोल विषय के छात्र जयेन्द्र ऋषि करारिया ने 1635/2100 (77.86 प्रति.) अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालयीन मेरिट-लिस्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रामकुमार चौकसे ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इनकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

दैनिक भास्कर नर्मदापुरम भास्कर 19-08-2026

# पीजी मेरिट लिस्ट में नर्मदा कॉलेज के 3 छात्र टॉप पर





नर्मदापुरम| बीयू भोपाल ने 2024-2025 की पीजी की प्रावीण्य सूची जारी की। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, नर्मदा कॉलेज के विद्यार्थियों ने अलग-अलग विषयों की मेरिट सूची में जगह बनाई। राजनीति विषय में ईशुभ मालवीय ने 1700 में से 1258 अंक (74%) हासिल कर स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की विवि मेरिट सूची में पहला स्थान मिला। अर्थशास्त्र में चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सौम्या गर्ग ने 1700 में से 1270 अंक (75.24%) लेकर अर्थशास्त्र के नियमित छात्रों की मेरिट सूची में दूसरा स्थान पाया। भूगोल में चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र जयेन्द्र ऋषि करारिया ने 2100 में से 1635 अंक हासिल किए। प्रतिशत 77.86 रहा। विश्वविद्यालयीन मेरिट सूची में दूसरा स्थान मिला।

# प्रावीण्य सूची जारी, विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**नर्मदापुरम :** बरकतुल्ला विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2024-2025 की स्नातकोत्तर की विश्वविद्यालयीन प्रावीण्य सूची जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस नर्मदा कालेज के स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों की प्रावीण्य सूची में शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। राजनीति विषय की ईशुभ मालवीय ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की विवि की मेरिट-लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अन्य विषय अर्थशास्त्र, स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सोम्या गर्ग ने 75.24 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए विवि की अर्थशास्त्र नियमित छात्रों की मेरिट लिस्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर, नियमित, भूगोल विषय के छात्र जयेन्द्र ऋषि करारिया ने 77.86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। -नप्र



छात्रा ईशुभ मालवीय।

# नर्मदा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हासिल की, अकादमिक उल्लेखनीय उपलब्धियां

**नर्मदापुरम। राज न्यूज नेटवर्क।** बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल के द्वारा सत्र 2024-2025 की स्नातकोत्तर की विश्वविद्यालयीन प्रावीण्य सूची जारी कर दी गई है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों की प्रावीण्य सूची में शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया है एवं महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

महाविद्यालय की राजनीति विषय की ईशुभ मालवीय ने 1258/1700 (74त्न) अंक प्राप्त कर, उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए, स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की वि. वि. की मेरिट-लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अन्य विषय अर्थशास्त्र, स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा सोम्या गर्ग ने 1270/1700 (75.24त्न) अंक प्राप्त करते हुए वि. वि. की अर्थशास्त्र नियमित छात्रों की मेरिट-लिस्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

इसी श्रृंखला में महाविद्यालय के स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर, नियमित, भूगोल विषय के छात्र जयेन्द्र ऋषि करारिया ने 1635/2100 (77.86त्न) अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालयीन मेरिट-लिस्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

विद्यार्थियों की सफलता उनके लगन, परिश्रम एवं निरंतर अध्ययन का परिणाम है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रामकुमार चौकसे ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इनकी उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। महाविद्यालय गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए हमेशा प्रयाश्रश्रश्रस रत है। महाविद्यालयीन परिवार ने बधाई दी ?।